पोषण पर कोडेक्स समिति का 44वाँ सत्र

स्रोत: पीआईबी

भारत ने जर्मनी में पोषण एवं विशेष आहार उपयोग हेतु खाद्य पदार्थों पर कोडेक्स समिति (CCNFSDU) के 44 वें सत्र में भाग लिया, जिससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मानकों में महत्त्वपूर्ण योगदान मिला।

- **CCNFSDU,** कोडेक्स एलीमेंटेरियस कमीशन (CAC) की एक इकाई है, जो इन्फेंट (शिशु) फार्मूले, आहार अनुपूरक और चिकित्सा खाद्य पदार्थों **जैसे विशेष आहार खाद्य पदार्थों** के लिये वैश्विक मानकों को विकसित करने हेतु ज़िम्मेदार है।
  - खाद्य और कृषि संगठन (FAO) और विश्व व्यापार संगठन (WTO) द्वारा 1963 में स्थापित CAC, अपने **189 कोडेक्स सदस्यों (भारत सहित) के साथ उपभोक्ता स्वास्थ्य की रक्षा और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निर्धारित करता है।**
- CCNFSDU के 44 वें सत्र में भारत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रोबायोटिक्स पर मौजूदा खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)/विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के वर्ष 2001 और 2002 के दस्तावेज़ दो दशक पुराने हैं और वैज्ञानिक प्रगति के मद्देनजर उनमें संशोधन की आवश्यकता है।
- देश ने वैश्विक व्यापार को बढ़ाने के लिये **सामंजस्यपूर्ण विनियिमनों का आह्वान किया।**
  - भारत ने कहा कि 6-36 महीने के व्यक्तियों के लिये **संयुक्त एनआरवी-आर मूल्य (Nutrient Reference Value-Requirement- NRV-R)** दो आयु समूहों **6-12 महीने और 12-36** महीने के औसत मूल्य की गणना करके निर्धारित किया जाना चाहिये, जिस पर समिति द्वारा विचार किया गया और सहमति व्यक्त की गई।
    - NRV-R वर्तमान वैज्ञानिक आँकड़ों के आधार पर पोषण सेवन के लिये सिफारिशें हैं, जो लक्ष्य समूहों या आबादी के लिये स्थापित की जाती हैं।

और पढ़ें: कोडेक्स एलीमेंटेरियस कमीशन (CAC)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-joins-44th-codex-nutrition-session